दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर नेताजी की प्रतिमा पर रायगढ़ वासियों ने पुष्पांजलि अर्पित की

रायगढ़। नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर रायगढ़ में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस चौक पर नेताजी की प्रतिमा पर रायगढ़ वासियो ने पुष्पांजलि अर्पित की और नेताजी को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में अग्रसेन समाज के अध्यक्ष मुकेश मित्तल कलानोरिया, पत्रकार सत्यजीत घोष, रूपचंद अग्रवाल, प्रफुल अग्रवाल, रोटरी क्लब ऑफ रायगढ़ के सचिव कल्पेशपटेल, दीनदयाल रतेरिया सहित बंगाली समाज के कई वरिष्ठ जनों ने नेताजी को पुष्पहार अर्पित कर नमन किया और सामूहिक राष्ट्रगान किया। कार्यक्रम के पश्चात मिष्ठान्न वितरण भी किया गया।



### विभिन्न वर्गो के लिए ऋण लेने हेतु आवेदन आमंत्रित

रायगढ़। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग एवं सफाई कामगार वित्त एवं विकास निगम द्वारा रायगढ़ जिले को वर्ष 2018-19 के शेष लक्ष्य वर्गवार के तहत ऋण हेतु 4 फरवरी 2019 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुसूचित जातिवर्ग में शेष 3 लक्ष्य, अनुसूचित जनजाति वर्ग में शेष 6 लक्ष्य, पिछड़ा वर्ग में शेष 1 लक्ष्य, अल्पसंख्यक वर्ग हेतु ई.ला.9 लाख का लक्ष्य एवं सफाई कामगार हेतु 12 का लक्ष्य शेष है। मिनीमाता स्वावलंबन योजना में 27 लक्ष्य एवं शहीद वीर नारायण सिंह स्वावलंबन योजना में 33 लक्ष्य प्राप्त हुए है।

### समन्वयक संविदा के रिक्त पदों के लिए मेरिट सूची जारी

रायगढ़। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत विकासखण्ड समन्वयक (संविदा) के रिक्त 2 अजजा पदों पर संविदा नियुक्ति हेतु दावा-आपत्ति उपरांत अभ्यर्थियों की पात्र-अपात्र सूची, मेरिट सूची, चयन सह प्रतीक्षा सूची तैयार कर जिला पंचायत रागयढ़ के सूचना पटल पर प्रकाशित गई है। उक्त सूची एनआईसी के वेबसाईट www.raigarh.gov.in पर भी देखा जा सकता है।

### उचित मूल्य दुकान क्रोंधा में ताला तोड़कर चोरी

धरमजयगढ़। चोरों ने उचित मूल्य राशन दुकान का ताला तोड़कर छियासी बोरी चावल और छह बोरी शक्कर को पार कर दिये। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यालय से लगभग पन्द्रह किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत क्रोंधा स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान में गत रात्रि अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया। ग्राम क्रोंधा में शासकीय उचित मूल्य राशन दुकान ग्राम पंचायत भवन में संचालित है। घटना की सूचना सरपंच अमर कुंवर राठिया एवं सचिव प्रमोद सिंह ने ग्रामीणों के साथ मिलकर धरमजयगढ थाना में दी। सूचना मिलते ही धरमजयगढ़ थानेदार दलबल सहित घटना स्थल पहुंच कर तहकीकात में जुट गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गत रात्रि अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर राशन को इत्मीनान से पिकप में लोड कर ले गए।

## वरिष्ठ पत्रकार कमल शुक्ला का अनशन टूटा, मंच पर पहुंचे वरिष्ठ पत्रकारद्वय विनोद वर्मा और रुचिर गर्ग

रायपुर। भूपेश बघेल सरकार की तरफ से उनके सलाहकार मंडल से एक मित्रवत नाते पहुंचे आदरणीय विनोद वर्माजी और आदरणीय रुचिर गर्ग ने अनशन स्थल पर आते ही अनशनरत वरिष्ठ पत्रकार कमल शुक्ला का आमरण अनशन समाप्त करने की पहल की। विनोद वर्मा और रुचिर गर्ग जी ने विशेष नीतियों से अवगत कराते हुए पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग को गंभीरता से लेते हुए यह आश्वासन दिया कि सरकार इस विषय पर बेहद गंभीर है इसी



कानून को अतिशीघ्र लागू करने की जदोजहद में जुटी हुई है। माननीय मुख्यमंत्री के निर्णय का सम्मान करने की वार्ता के बीच बेहद सौहाद्र पूर्ण वातावरण में जूस पिलाकर अनशनधारी कमल शुक्ला को जूस पिलाकर अनशन तुड़वाया गया। पश्चात मौके पर रुचिर गर्ग जी ने डॉक्टर को बुलवाया। जिन्होंने सामान्य परीक्षण कर उन्हें आंशिक कमजोर बताया और तत्काल कुछ फलाहार लेने को कहा गया। इस दरमियान स्थल पर उपस्थित रहे साथी पत्रकार अनिल मिश्रा, मृगेंद्र पाण्डे, दिनेश सोनी, गोपाल पाठक, विश्वनाथ राजू, अजित सिंह, सिद्धार्थ सिंह, गणेश बुधौलिया, अनिल अग्रवाल, महेश वर्मा थे।

## रायगढ़ के युवक की ससुराल के पास खेत में मिली लाश

### परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

रायगढ़। रायगढ़ जिले पुसौर थाना क्षेत्र के ग्राम तडोला में युवक की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी सी फ़ैल गई, ग्रामीणों ने इसकी सुचना पुलिस को दी मौके पर पहुची पुसौर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी, मृतक की पहचान कृष्णा कुमार यादव उम्र 33 वर्ष पिता नन्दलाल यादव धांगरडीपा रायगढ़ के रूप में की गई.

मिली जानकारी के अनुसार कृष्णा कुमार



यादव उम्र 33 वर्ष पिता नन्दलाल यादव धांगरडीपा रायगढ़,वार्ड न 2, का निवासी था जो कि ऑटो चालक का कार्य करता था। बताया जाता है,कि पूर्व में तड़ोला में इसकी शादी उर्वशी नामक महिला से सामाजिक रीति-रिवाज के अनुसार हुई थी पर कुछ दिनों पहले इनका तलाक हो गया था. ऐसे में अचानक युवक का इस तरह से तडोला जाना और वहां के खेत में इस तरह से मृत हालत में पाया जाना ,अनेकों शंदेहों को जन्म देने के लिए काफी है ,वही मृतक के परिजन इसे सुन्योजित हत्या मानते हुए पुलिस से जाचं की मांग कर रहें है द्व फ़िलहाल पुलिस ऑटो को जप्त कर लाश को पोस्ट मार्डम के लिये भेज आगे की जाँच में जुट गई है।

## साधुबाबा का 90 वां सालाना उर्स पाक 31 जनवरी को हिमगिर में

रायगढ़। हर साल की तरह इस साल भी बड़े ही अदबो अदब व अकीदत के साथ रायगढ़-झारसुगुड़ा रेल मार्ग के मध्य हिमगीर स्टेशन के कनिका में कुतुबुल आफ्ताब सैय्यदुल इरशाद हुजूर अल्हाज अश्शाह सैय्यद मुहम्मद हुसैन हम लकब साधू मियां सरकार कादरी रहमानी मदनी हुसैनी नक्शबंदी रहमतुल्लाह अलैह का 90 वां सालाना उर्स पाक का आयोजन 29 जनवरी से 1 फरवरी तक किया जाएगा। दौराने उर्स आम लंगर और नाश्ता का इंतजाम कमेटी के जानिब से रहेगा।

कमेटी सदर जनाब अब्दुल मजीद खान साहब ने बताया कि 29 जनवरी बरोज मंगल नमाजे अस्त्र कुल सरीफ की फातिया होगी। 30 जनवरी को बरोज बुधवार को बाद नमाजे अस्त्र बाबा के आस्ताने से संदल चादर के साथ जुलूस निकलेगी और गांव का गश्त लगाकर वापस बाबा के आस्ताने पहुंचेगी एवं बाद नमाजे ईशा यूपी से आए बैरूनी उलमाए किराम की तकरीर एवं नात ख्वानी होगी। इसी तरह 31 जनवरी बरोज जुमेरात बाद नमाजे फज्र कुरआन ख्वानी शिजरा ख्वानी व ईसाले सवाब एवं गुस्ल मजार शरीफ चादर पोशी व लंगरे आम होगी।

1 फरवरी बरोज जुमा बाद नमाजे असर कुल शरीफ की फातेहा ख्वानी होगी। लिहाजा कमेटी सदर जनाब अब्दुल मजीद खान और आली जनाब हाजी मुस्ताक भाई व नाजीम साहब, गुलाब भाई, जुबेर भाई, अजीज भाई, आरिफ भाई, इश्तायक भाई व बिलाल भाई ने तमाम अकीदत मंद जायरीनो से पुरखुलूस गुजारिश की है कि बाबा के दरबार में हाजरी लगाकर सवाबेदारेन के हकदार बने।

## जनपद पंचायत सारंगढ़ के अध्यक्ष पद का निर्वाचन 28 जनवरी को

रायगढ़। जनपद पंचायत सारंगढ़ के अध्यक्ष पद का निर्वाचन 28 जनवरी 2019 को दोपहर 12 बजे से जनपद पंचायत सारंगढ़ के सभाकक्ष में की जाएगी। ज्ञातव्य है कि जनपद पंचायत सारंगढ़ के अध्यक्ष श्रीमती उत्तरी जांगड़े विधानसभा निर्वाचन 2018 में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 17 सारंगढ़ से विधानसभा सदस्य निर्वाचित होने एवं अध्यक्ष पद से त्याग पत्र दिए जाने के फलस्वरूप जनपद पंचायत सारंगढ़ के अध्यक्ष का पद रिक्त है। कलेक्टर रायगढ़ द्वारा जनपद पंचायत सारंगढ़ में रिक्त हुए अध्यक्ष पद के निर्वाचन की कार्यवाही संपादित करने हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सारंगढ़ एच.बघेल को पीठासीन अधिकारी एवं जनपद पंचायत सारंगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ऋषिकेश तिवारी को सहायक पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## आयुर्वेद में बढ़ा रूझान, आयुष शिविर में पहुंचे 711 मरीज

रायगढ़। जिले में अब लोगों के बीच आयुर्वेद के प्रति रूझान बढ़ रहा है। मंगलवार को आयोजित निशुल्क आयुष शिविर में रायगढ़ से 711 मरीज पहुंचे और प्राथमिक उपचार के बाद दवाएं लेकर चिकित्सीय परामर्श लिया। आयुर्वेद अस्पताल में आयोजित इस शिविर का कलेक्टर यशवंत कुमार ने शुभारंभ किया। मंगलवार को शहर के आयुर्वेद अस्पताल में आयुष स्वास्थ्य मेला का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर यशवंत कुमार ने कहा कि यह खुशी की बात है कि ओपीडी में रोजाना 80-90 लोगों का इलाज हो रहा है। चिकित्सालय में पंचकर्म एवं क्षारसूत्र की सुविधाएं भी उपलब्ध है। स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा गया है एवं चिकित्सालय का रख-रखाव बेहतर है। उन्होंने कहा कि चिकित्सक का कार्य पुण्य का कार्य है और भगवान के बाद डाक्टर का ही नाम लिया जाता है। उन्होंने चिकित्सकों से आग्रह किया कि और अधिक जनता से जुड़े और उन्हें आयुर्वेद के प्रति जागरूक बनाएं। उन्होंने कहा कि गांवों में भी चिकित्सक स्वास्थ्य शिविर बढ़ा सकते है। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और यह खुशी बात है कि जिला आयुर्वेद विभाग द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है ताकि जरूरतमंद को रक्तदान मिल सके।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में समृद्ध वन है और विभिन्न प्रकार के वनौषधि पौधों की पहचान की जरूरत है। विभिन्न रोगों में हल्दी गुणकारी एवं लाभकारी है जिसका पेटेन्ट हुआ है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठन सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

पढ़िए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL

HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

ADMISSION OPEN

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षो से लगातार बच्चों के साथ...

ENGLISH MEDIUM

For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Tarun 90%, Yamini 98%, Shraddha 93%, Priyanka 96%, Prerna 84%, Hitendra 99%, Akanksha 90%, Geetanjali 99%, Chetna 94%, Arpita 93%, Arpita 98%, Rakesh 97%, Sejal 88%, Shiva 97%

Topper Students Last Session

Sushant 92%, Prince 97%, Kusum 98%, Abhishek 99%, Ayush 93%, Prachi 97%, Tulika 96%, Pari 96%, Aradhya 97%, Ananya 99%, Ashish 96%, Ankita 99%



Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480